# मर्सेनरी स्पाईवेयर हमला


**Apple** ने हाल ही में भारत और 91 अन्य देशों में **iPhone** उपयोगकर्त्ताओं के लिये तत्काल सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। अधिसूचनाओं में चेतावनी दी गई है कि उनके उपकरणों को **मर्सेनरी स्पाईवेयर हमले (mercenary spyware attack)** में दूर से निशाना बनाया गया है।

- नियमित **साइबर आपराधिक गतिविधि** या उपभोक्ता मैलवेयर की तुलना में मर्सेनरी स्पाइवेयर हमले असाधारण रूप से दुर्लभ और अत्यधिक परिष्कृत होते हैं।
- आम साइबर खतरों के विपरीत, **मर्सेनरी स्पाईवेयर हमले** का उद्देश्य उपयोगकर्त्ता के डिवाइस तक **अनधिकृत पहुँच** प्राप्त करना है।
  - यदि किसी डिवाइस पर लक्षित मर्सेनरी स्पाईवेयर हमले से छेड़छाड़ की जाती है, तो हमलावर **संवेदनशील डेटा**, संचार या यहाँ तक कि कैमरा और माइक्रोफोन तक दूरस्थ रूप से पहुँचने में सक्षम हो सकता है।
  - ये **रणनीतिक रूप से लक्षित**, उच्च लागत वाले हमले हैं, जो ऐतिहासिक रूप से राज्यों से जुड़े हुए हैं, पत्रकारों, कार्यकर्त्ताओं, राजनेताओं और राजनयिकों जैसे चुनिंदा व्यक्तियों को लक्षित करते हैं।
  - NSO ग्रुप द्वारा विकसित पेगासस**, मर्सनिरी स्पाइवेयर के उदाहरणों में से एक है।**

# साइबर सुरक्षा

**साइबर सुरक्षा, साइबर हमलों को रोकने या उनके प्रभाव को कम करने के लिये किसी भी तकनीक, उपाय या अभ्यास को संदर्भित करती है।**

## CYBER SECURITY ATTACKS




**NCRB की "भारत में अपराध" रिपोर्ट, 2022 के अनुसार, वर्ष 2021 के बाद से भारत में साइबर अपराध 24.4% बढ़ गए हैं।**

## सामान्य साइबर सुरक्षा मिथक

- केवल मज़बूत पासवर्ड ही पर्याप्त सुरक्षा है
- प्रमुख साइबर सुरक्षा जोखिम सर्वविदित हैं
- सभी साइबर हमले वैक्टर (vector) निहित होते हैं
- साइबर अपराधी छोटे व्यवसायों पर हमला नहीं करते हैं

## साइबर वॉर

- किसी दूसरे के कंप्यूटर सिस्टम को बाधित करने, क्षति पहुँचाने या नष्ट करने के लिये किये गए डिजिटल हमले।

## CYBER THREAT ACTORS

| CYBER THREAT ACTOR | MOTIVATION |
|---|---|
| NATION-STATES | GEOPOLITICAL |
| CYBERCRIMINALS | PROFIT |
| HACKTIVISTS | IDEOLOGICAL |
| TERRORIST GROUPS | IDEOLOGICAL VIOLENCE |
| THRILL-SEEKERS | SATISFACTION |
| INSIDER THREATS | DISCONTENT |

## साइबर सुरक्षा के प्रकार

- महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा सुरक्षा (रोबस्ट एक्सेस कंट्रोल)
- नेटवर्क सुरक्षा (डिप्लॉयिंग फायरवॉल)
- एप्लिकेशन सुरक्षा (कोड रिव्यु)
- क्लाउड सुरक्षा (टोकनाइज़ेशन)
- सूचना सुरक्षा (डेटा मास्किंग)

## हाल ही में हुए प्रमुख साइबर हमले

- वान्नाक्राई रैनसमवेयर अटैक (वर्ष 2017)
- कैम्ब्रिज एनालिटिका डेटा ब्रीच (वर्ष 2018)
- 9M+ कार्डधारकों का वित्तीय डेटा लीक, जिसमें SBI भी शामिल है (वर्ष 2022)

## विनियम एवं पहलें

- **अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर:**
  - साइबर स्पेस में राज्यों के उत्तरदायी व्यवहार को बढ़ावा देने से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के सरकारी विशेषज्ञों के समूह (GGE)।
  - नाटो का कोऑपरेटिव साइबर डिफेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CCDCOE)
  - साइबर अपराध पर बुडापेस्ट कन्वेंशन, 2001 (भारत हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है)
- **भारतीय स्तर पर:**
  - IT अधिनियम, 2000 (धारा 43, 66, 66B, 66C, 66D)
  - राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, 2013
  - नेशनल साइबर सिक्योरिटी स्ट्रेटेजी, 2020
  - साइबर सुरक्षित भारत पहल
  - भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C)
  - कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम - भारत (CERT-In)

## साइबर सुरक्षा के लिये उठाए जाने वाले आवश्यक कदम

- नेटवर्क सुरक्षा
- मैलवेयर सुरक्षा
- इंसिडेंट मैनेजमेंट
- उपयोगकर्त्ता को शिक्षित और जागरूक करना
- सुरक्षित विन्यास
- उपयोगकर्त्ता के विशेषाधिकारों का प्रबंधन करना
- सूचना जोखिम प्रबंधन व्यवस्था

Drishti IAS

//

**और पढ़ें:** [पेगासस स्पाईवेयर]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mercenary-spyware-attack